दैनिक भास्कर
राजसमन्द भास्कर 19-07-2025

# राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स में सुरक्षित ब्लास्टिंग पर कार्यशाला का आयोजन

रेलमगरा। 49वें माइंस सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ पर हिन्दुस्तान जिंक जावर माइंस ने राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स में तकनीकी कार्यशाला और एग्जीक्यूटिव बॉडी मीटिंग आयोजित की। कार्यशाला का मुख्य विषय वर्तमान ब्लास्टिंग प्रथाओं की समीक्षा और सुरक्षित, कुशल ब्लास्टिंग के लिए नई तकनीकों को अपनाना रहा यह आयोजन उप खान सुरक्षा निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, उदयपुर संभाग विशाल गोयल के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें खनन कार्यों में ब्लास्टिंग से जुड़ी सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों और सुरक्षित विकल्पों की पहचान पर जोर दिया। मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशक टॉम मैथ्यू ने कहा, खनन हर उद्योग की रीढ़ है। इसके मूल में ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग का कार्य होता है। जैसे बिजली का अनियंत्रित उपयोग खतरनाक होता है, वैसे ही अनियंत्रित ब्लास्टिंग भी खतरनाक हो सकती है। इसलिए ब्लास्टिंग की पूरी जानकारी सभी संबंधित लोगों को होना जरूरी है कार्यशाला में वैज्ञानिक एजेंसियों, विस्फोटक निर्माताओं और खनन कंपनियों को एक मंच पर लाया गया। इसका उद्देश्य था—सुरक्षित और उन्नत तरीकों को बढ़ावा देना। इससे उदयपुर क्षेत्र के खनन समुदाय को लाभ मिलेगा हिन्दुस्तान जिंक की ओर से राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स के आईबीयू सीईओ बलवंत सिंह राठौड़ ने प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया, कार्यशाला में मौजूदा ब्लास्टिंग प्रथाओं की समीक्षा के साथ-साथ सुरक्षित और कुशल ब्लास्टिंग के लिए नई तकनीकों का परिचय कराया गया। इसमें प्रमुख विस्फोटक निर्माण कंपनी ओरिका से मिली सीख भी शामिल रही। खनन कार्यों में शून्य क्षति के लक्ष्य को लेकर सहयोगात्मक शिक्षा को भी मजबूत किया गया इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की 66 प्रमुख औद्योगिक कंपनियों ने भाग लिया। इनमें वंडर सीमेंट लिमिटेड, नुवोको विस्टास, द इंडिया सीमेंट लिमिटेड, जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड, बिरला सीमेंट वर्क्स, खैतान बिजनेस कॉर्पोरेशन, राजस्थान बेराइट्स और अरावली पॉलियार्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि शामिल रहे।


## ।। तीये की बैठक ।।

हमारे परम पूजनीय श्री युगल किशोर जी शर्मा, RAS (Retd.) (नायनका जोशी, श्रीमाधोपुर) का देवलोकगमन 17.07.2025 को हो गया है। तीये की बैठक एवं प्रार्थना सभा (आगमन- प्रस्थान एवम् भजन) शनिवार, 19.07.2025 को मध्याह्न 3 से 4 बजे तक तोतुका भवन, भट्टारकजी की नसियाँ, नारायणसिंह सर्किल, जयपुर पर रखी गई है। शोकाकुल परिवार:- महावीर प्रसाद शर्मा (भ्राता), डॉ. अंजनी कुमार शर्मा, न्यूरोलॉजिस्ट- मीनू, अनिल कुमार शर्मा, RAS- रेखा, सुनील शर्मा- रितु (पुत्र- पुत्रवधू), मामराज शर्मा, पवन, संजय, रिंकू (भतीजे), डॉ. वी.डी. जोशी, महेश शर्मा (दामाद), क्षमा- प्रकाशचंद शर्मा, संतोष- रमेश कुमार शर्मा (पुत्री- दामाद) एवं समस्त परिवार। 9414072331, 9414091966, 9001212903.